# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (01.07.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 01.07.2025, PAGE-06**

### स्नातक सीटों में एकरूपता को वीसी के निर्देश पर बनी पांच सदस्यीय समिति का फैसला

# विश्वविद्यालय के कॉलेजों में एक समान सीटों पर होगा नामांकन

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के कॉलेजों में इसबार एक समान सीटों पर स्नातक में दाखिला लिया जायेगा। नामांकन समिति के तहत बनी उपसमिति ने तीन दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को यह फैसला लिया। कॉलेजों में स्नातक सीटों में एकरूपता लाने के लिए कुलपति के निर्देश पर पांच सदस्यीय एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने तीन दिनों तक कॉलेजों में सीटों की पड़ताल की।

कमेटी ने छह विषयों में पिछले दो सालों में हुए नामांकन की जांच कर रही थी। टीम ने देखा कि कॉलेजों में जितनी सीटें हैं, उतना दाखिला कई कॉलेजों में नहीं हो रहा है। जिन छह विषयों पर विशेष जोर दिया गया था उनमें हिस्ट्री, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, होम साइंस, भूगोल और जूलॉजी शामिल थे। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि उम्मीद है कि चार जुलाई को स्नातक दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट जारी हो जायेगी। कमेटी ने वर्ष 2015 में आये सरकार के निर्देश और वर्ष 2022 में नामांकन समिति की बैठक में लिये गये फैसले के आलोक में सीटों की एकरूपता की है।

**तीन लाख सीटों पर लिया जायेगा दाखिला:** बीआरएबीयू में इसबार तीन लाख सीटों पर दाखिला लिया जायेगा। स्नातक में दाखिले के लिए 1 लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किये हैं। हालांकि, सीटों की एकरूपता के बाद भी लगभग डेढ़ लाख सीटें खाली रह जायेंगी।

टीम ने कॉलेजों की सीटों की जांच में पाया कि किसी कॉलेज में उर्दू विषय में 200 से अधिक सीटें हैं और नामांकन 50 भी नहीं हो रहे हैं। इसलिए सीटों में एकरूपता लाने की जरूरत है। बीआरएबीयू में इस वर्ष सबसे अधिक आवेदन हिन्दी और हिस्ट्री में आये हैं। कुछ ऐसे विषय भी हैं, जहां आवेदन कम हैं। इनमें भोजपुरी, मैथिली, लोक प्रकाशन जैसे विषय हैं।

**04** जुलाई को जारी होगी स्नातक की पहली मेरिट लिस्ट

- तीन दिनों की मशक्कत के बाद समिति ने लिया फैसला
- समिति ने छह प्रमुख विषयों में पिछले दो सालों में हुए नामांकन की पड़ताल की



### केमेस्ट्री विभाग में खुलेगा फूड साइंस टेक्नोलॉजी कोर्स

बीआरएबीयू में फूड साइंस और टेक्नोलॉजी कोर्स केमेस्ट्री विभाग में खोला जायेगा। विश्वविद्यालय ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुलपति ने कहा कि सीनेट से भी इस कोर्स को पास कर दिया गया है। जल्द ही कोर्स शुरू किया जायेगा। फूड साइंस कोर्स से छात्रों को काफी लाभ होगा।

### पहली बार जिन्हें संबद्धता आर्ट्स में 128 सीटों पर लेंगे दाखिला

नामांकन के लिए बनी समिति ने तय किया है जिन कॉलेजों को पहलीबार संबद्धता मिली है, वह गैर प्रायोगिक विषयों में 128 सीटों पर और प्रयोगिक विषयों में 64 सीटों पर दाखिला लेंगे। जिन्हें दूसरी बार संबद्धता मिली है, वह गैर प्रायोगिक विषयों में 164 सीटों पर और प्रायोगिक विषयों में 75 सीटों पर दाखिला लेंगे। अनुदानित कॉलेज गैर प्रायोगिक विषयों में 196 सीटों पर और प्रायोगिक विषयों में 120 सीटों पर दाखिला लेंगे। अंगीभूत कॉलेज गैर प्रायोगिक विषयों में 256 सीटों पर और प्रायोगिक विषयों में 128 सीटों पर दाखिला लेंगे।


अन्तर्गत न्यायालय श्रीमान् असैनिक न्यायाधीश
वरीय कोटि प्रथम, समस्तीपुर
विभाजन वाद सं.- 123 / 2023
चक्रवर्ती ममता रानी --- वादिनी
बनाम

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE: 01.07.2025
PAGE-06

## पीजी वाणिज्य विभाग में एआई पर संगोष्ठी

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू के पीजी वाणिज्य विभाग में सोमवार को एआई विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर डीन प्रो. सैयर आले मुजतबा, डॉ. चौधरी साकेत कुमार, डॉ. अनुपम, डॉ. विनोद बैठा आदि थे।

## प्रो. कनुप्रिया मानविकी की संकायाध्यक्ष बनीं

**मुजफ्फरपुर।** एमडीडीएम की प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया को बीआरएबीयू के मानविकी और बॉटनी की अध्यक्ष प्रो. रंजना को विज्ञान का संकायाध्यक्ष बनाया गया है। केमेस्ट्री विभाग के नये अध्यक्ष प्रो. नवेदुल हक बनाये गये हैं। विवि ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी।

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:01.07.2025
PAGE-04

## प्रो.रंजना विज्ञान और प्रो. कनुप्रिया बनी मानविकी डीन

**मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से दो संकायाध्यक्षों की नियुक्ति की गयी है। मानविकी संकाय की डीन प्रो .कनुप्रिया बनीं हैं। वे एमडीडीएम कालेज में प्राचार्य भी है। वहीं विज्ञान संकाय की डा . रंजना कुमारी नियुक्त की गयी हैं। दोनों डीन का कार्यकाल एक जुलाई से शुरू होगा। दो वर्षों का इनका कार्यकाल रहेगा। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव प्रो . समीर कुमार शर्मा ने इसकी अधिसूचना जारी की है। (जासं)

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:01.07.2025, PAGE-04

# अंगीभूत कालेजों के नन प्रैक्टिकल में 256 और प्रैक्टिकल में 128 सीटें

## सहमति बनी, स्नातक में नामांकन की मेधा सूची इसी सप्ताह होगी जारी

- सरकार के आदेश और 2015 में एडमिशन कमेटी की अनुशंसा के आधार पर कालेजों को आवंटित की गई सीटें
- सीटें लेकर नामांकन नहीं करने वाले कालेजों की कम होंगी सीटें, बढ़ाने वालों से मांगा दो सत्रों के नामांकन का साक्ष्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : स्नातक में नामांकन को लेकर इसी सप्ताह मेधा सूची जारी होगा। सबकुछ ठीक ठाक रहा तो 15 जुलाई से कक्षाएं शुरू हो सकती है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कालेजों में स्नातक में दाखिले के लिए सीटों की संख्या पर स्थिति स्पष्ट हो गई है। सीटों पर कुलपति से सहमति मिल चुकी है। इसी के बाद यूएमआइएस को मेधा सूची जारी करने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा कि तीन या चार जुलाई को मेधा सूची जारी हो सकता है। इसी के आधार पर नामांकन होगा। पहली सूची के आधार पर नामांकन खत्म होने के बाद 15 जुलाई से कक्षाए शुरू हो सकती हैं। विश्वविद्यालय का कहना है कि कई कालेजों ने सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन वहां पिछले सत्र में काफी कम नामांकन हुआ है। ऐसे में उन कॉलेजों पर विचार नहीं किया गया है। अंगीभूत, नव संबंधन प्राप्त कालेज, स्थाई संबंधन प्राप्त कालेज के लिए मानक के अनुसार सीटों की एकरूपता तय की गयी है। कालेजों को स्पष्ट आदेश दिया गया है कि रेशनलाइजेशन के बाद जो सीटें तय की गई हैं, उसी अनुसार विद्यार्थियों का नामांकन होगा। सीट से अधिक नामांकन लेने की स्थिति में उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सीटों के निर्धारण का यह रहा समीकरण** : जिन कालेजों को पहली बार विश्वविद्यालय से संबद्धता मिली है, वहां बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों में 128 और प्रैक्टिकल वाले विषयों में 64 सीटें निर्धारित की गई है। वहीं दूसरी बार संबद्धता प्राप्त कालेजों में बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों में 164 और प्रैक्टिकल वाले विषयों में 75 सीटें होगी। अनुदानित कालेज में नन प्रैक्टिकल में 196 और प्रैक्टिकल वाले विषयों में 120 सीटें निर्धारित की गईं। अंगीभूत कालेज के लिए बिना प्रायोगिक वाले विषयों के लिए 256 और प्रायोगिक वाले विषयों में 128 सीटें आवंटित की गईं। एडमिशन कमेटी ने यह कहा है कि रेशनलाइजेशन के बाद जो सीटें निर्धारित की गयी हैं। जो कालेज इससे संतुष्ट नहीं है और उसे लगता है कि सीटें बढ़नी चाहिए तो वे पिछले दो सत्र में हुए नामांकन का साक्ष्य लाकर सीट बढ़ाने का प्रस्ताव देंगे। कमेटी उनपर फिर से विचार कर सकती है. यदि पिछले दो सत्रों में संबंधित विषयों में नामांकन की स्थिति अच्छी होगी तो सीट बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा।

### कई कालेजों में क्षमता से कई गुणा नामांकन

मुजफ्फरपुर : कुछ कालेजों में क्षमता से अधिक नामांकन है । जबकि संसाधन नहीं है। कुछ विषयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी नामांकित हैं। यदि सभी छात्र कालेज में आने लगे तो बैठने की जगह नहीं मिलेगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:..........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:01.07.2025, PAGE-04

### एडमिशन कमेटी की अनुशंसा के आधार पर कॉलेजों को आवंटित की गयीं सीटें

# स्नातक में दाखिले के लिए सीटों पर बनी सहमति, इसी सप्ताह जारी होगी मेधा सूची

- सीटें लेकर नामांकन नहीं करने वाले कॉलेजों से कम की गयी सीटें
- बढ़ाने वालों से मांगा दो सत्रों के नामांकन का साक्ष्य

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक में दाखिले के लिए सीटों की संख्या पर स्थिति स्पष्ट हो गयी है. सोमवार को कुलपति की अनुमति मिलने के बाद यूएमआइएस को मेधा सूची जारी करने का निर्देश दिया गया है. इसी सप्ताह में मेधा सूची जारी की जाएगी. मेधा सूची के लिए तीन या चार जुलाई की तिथि प्रस्तावित की गयी है. इसके बाद एक सप्ताह का समय नामांकन के लिए दिया जाएगा. विश्वविद्यालय का कहना है कि यदि योजना के अनुसार सबकुछ रहा तो 15 जुलाई से नये सत्र की कक्षाएं शुरू कर दी जायेंगी. विश्वविद्यालय की ओर से बताया कि कई कॉलेजों ने सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन वहां पिछले सत्र में काफी कम नामांकन पाया गया है. ऐसे में उन कॉलेजों पर विचार नहीं किया गया. अंगीभूत कॉलेजों, नव संबधन प्राप्त कॉलेज, स्थाई संबंधन प्राप्त कॉलेज के लिए मानक के अनुसार सीटों की एकरूपता तय की गयी. कॉलेजों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि रेशनलाइजेशन के बाद जो सीटें तय की गयी हैं. उसी अनुसार विद्यार्थियों का नामांकन लें. सीट से अधिक नामांकन लेने की स्थिति में उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**दो सत्रों में जिन कॉलेजों में अधिक हो नामांकन वे फिर से दे सकते प्रस्ताव** : एडमिशन कमेटी ने यह कहा है कि रेशनलाइजेशन के बाद जो सीटें निर्धारित की गयी हैं. यदि कोई कॉलेज इससे संतुष्ट नहीं है और उसे लगता है कि सीटें बढ़नी चाहिए तो ये पिछले दो सत्र में हुए नामांकन का साक्ष्य लाकर सीट बढ़ाने का प्रस्ताव दे सकते हैं. कमेटी उनपर फिर से विचार कर सकती है. यदि पिछले दो सत्रों में संबंधित विषयों में नामांकन की स्थिति अच्छी होगी तो सीट बढ़ाने पर निर्णय लिया जा सकता है. कई अंगीभूत कॉलेजों के सीट बढ़ाने का प्रस्ताव पिछले दो वर्षों में नामांकन की स्थिति अच्छी नहीं होने पर रोक दिया गया है.

**कई कॉलेजों में क्षमता से कई गुणा अधिक नामांकन** : सीटों के आवंटन में यह देखा गया कि कुछ कॉलेज ऐसे हैं जिन्होंने क्षमता से कई गुणा अधिक नामांकन ले रखा है. कुछ विषयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी नामांकित हैं. यदि सभी छात्र कॉलेज में आने लगें तो बैठने की जगह कम पड़ जाए. कमेटी की बैठक में इन पर भी विचार किया गया.

## सीटों के निर्धारण का यह रहा समीकरण

जिन कॉलेजों को पहली बार सरकार से मान्यता मिली है वहां बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों मे 128 और प्रैक्टिकल वाले विषयों मे 64 सीटें निर्धारित की गयी हैं, वहीं दूसरी बार संबद्धता प्राप्त कॉलेजों में बिना प्रैक्टिकल वाले विषयों मे 164 और प्रैक्टिकल वाले विषयो मे 75 सीटें निर्धारित की गयी. अनुदानित कॉलेज मे नन प्रैक्टिकल मे 196 और प्रैक्टिकल वाले विषयों मे 120 सीटें निर्धारित की गयी. अंगीभूत कॉलेज के लिए बिना प्रायोगिक वाले विषयों के लिए 256 और प्रायोगिक वाले विषयों मे 128 सीटें आवंटित की गयी.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.